SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE, GONDA
श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा
AN AFFILIATED COLLEGE OF DR RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA,(U.P)

# श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा
# हिंदी विभाग

# स्नातक प्रोग्राम आउटकम (PO) - हिंदी

- विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत हिंदी साहित्य एवं हिंदी भाषा का उद्भव एवं विकास तथा तद्विषयक आधारभूत ज्ञान प्राप्त होगा।
- साहित्य एवं भाषा के मूल स्वरूप, उनकी विभिन्न अवधारणाएँ, विभिन्न विधाएँ एवं रोजगारपरकता की जानकारी प्राप्त होगी।
- विश्व की सर्वाधिक वैज्ञानिक लिपि एवं भाषा हिंदी के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता प्राप्त होगी।
- भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के समन्वय से एक व्यापक समझ विकसित होगी।
- नैतिक मूल्यों, राष्ट्रीयता एवं परोपकारिता की भावना का विकास होगा।
- काव्यशास्त्र एवं भाषा विज्ञान के मूलभूत सिद्धांतों से विद्यार्थी परिचित हो सकेंगें।
- कंप्यूटर, सिनेमा एवं अनुवाद के माध्यम से विद्यार्थी इक्कीसवीं सदी के साथ कदमताल करने में सक्षम हो सकेंगें।

-----

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा
हिंदी विभाग

# स्नातक कोर्स आउटकम (CO) - हिंदी

| सेमेस्टर | पेपर कोड | पेपर शीर्षक | कोर्स आउटकम |
|---|---|---|---|
| **प्रथम** | A010101T | हिंदी काव्य | भारतीय ज्ञान परंपरा में हिन्दी साहित्य के विभिन्न कालों के प्रतिनिधि कवियों की कविताओं के विषय में जानकारी देना तथा हिन्दी काव्य के इतिहास की संक्षिप्त जानकारी देकर विद्यार्थियों को हिन्दी कविता के विकास क्रम से अवगत कराना। |
| **द्वितीय** | A010201T | कार्यालयी हिंदी एवं कम्प्यूटर | विद्यार्थियों को कार्यालयी कार्यों की मूलभूत जानकारी प्रदान करना ताकि वे कार्यालय के समस्त कार्यों को सुगमतापूर्वक कर सकें एवं उन्हें कम्प्यूटर का मूलभूत ज्ञान देकर कम्प्यूटर पर हिन्दी में कार्य करने में सक्षम बनाना ताकि वे समुचित रोज़गार प्राप्त कर सकें। |
| **तृतीय** | A010301T | हिंदी गद्य | विद्यार्थियों को हिन्दी गद्य की सभी विधाओं का सम्यक ज्ञान देना तथा उन्हें हिन्दी के प्रतिनिधि उपन्यासकारों, कथाकारों, नाटककारों, एकांकीकारों, निबंधकारों एवं अन्य गद्य विधाओं के लेखकों के महत्त्वपूर्ण प्रदेय से परिचित कराना, ताकि विद्यार्थी इन सभी विधाओं से परिचित हो सकें और इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थी को इस हेतु तैयार करना। |
| **चतुर्थ** | A010401T | हिंदी अनुवाद | विद्यार्थियों को हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी की प्रारंभिक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण के साथ सामंजस्य स्थापित करने में सक्षम बनाना तथा भारतीय संस्कृति और |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | साहित्य के वैश्विक प्रचार-प्रसार में सहायक बनाना और इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थी को इस हेतु तैयार करना। |
| **पंचम** | A010501T | प्रथम प्रश्नपत्र – साहित्यशास्त्र एवं हिंदी आलोचना | विद्यार्थी को साहित्यशास्त्र एवं आलोचना के अर्थ, महत्व और विषय-क्षेत्र से परिचित कराना तथा उन्हें हिन्दी आलोचना के रूप में भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र के आधुनिक विकास के विविध रूपों और दिशाओं का साक्षात्कार कराना। |
| **पंचम** | A010502T | द्वितीय प्रश्नपत्र – हिंदी का राष्ट्रीय काव्य | इसके अंतर्गत हिन्दी साहित्य एवं सिनेमा की राष्ट्रीय काव्य चेतना से जुड़े कवियों की रचनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति अनुराग जाग्रत करना और उन्हें भारतीय संस्कृति की विशिष्टता और महानता के विविध पक्षों से अवगत कराना और इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थी को इस हेतु तैयार करना। |
| **षष्ठ** | A010601T | प्रथम प्रश्नपत्र – भाषा विज्ञान, हिंदी भाषा एवं देवनागरी लिपि | विद्यार्थियों को भाषा के अंगों, हिन्दी भाषा के उद्भव तथा विकास और देवनागरी लिपि के स्वरूप की जानकारी कराना एवं उन्हें हिन्दी की वैज्ञानिक एवं संवैधानिक स्थिति से परिचित कराना। |
| **षष्ठ** | A010602T | द्वितीय प्रश्नपत्र – लोक साहित्य एवं लोक संस्कृति | विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति में जनश्रुति से निर्मित साहित्य के महत्वपूर्ण योगदान से विद्यार्थियों को परिचित कराना तथा लोक संस्कृति के विकास क्रम से विद्यार्थियों को अवगत कराना। |

-----